Drishti IAS

डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

जून भाग-1
2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440,
Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

प्रश्न भाग-1

1. एवरग्रीनिंग लोन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ऐसे उधारकर्त्ता को नए या अतिरिक्त ऋण देने की प्रथा है जो मौजूदा ऋणों को चुकाने में असमर्थ है।
2. एवरग्रीनिंग लोन बैंकों की परिसंपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता की नकारात्मक धारणा बना सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल-नीनो एक जलवावीय परिघटना है जो उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर में होती है।
2. अल-नीनो की घटनाओं के दौरान, पूर्वी व्यापारिक पवनें तेज़ हो जाती हैं।
3. नकारात्मक IOD (हिंद महासागर द्विध्रुव) अल-नीनो का पूरक है जिससे गंभीर सूखा पड़ता है।

उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

3. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीटों की पहचान करता है, जहाँ उनकी आबादी अपेक्षाकृत अधिक है।
2. यह एक उच्च शक्ति वाला निकाय है जिसके आदेशों को कानूनी शक्ति प्राप्त होती है और किसी भी न्यायालय के समक्ष इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I:
फ्लोरेसिन, एक रसायन जो आमतौर पर जल के नीचे निर्माण में रिसाव का पता लगाने हेतु उपयोग किया जाता है।
कथन-II:
फ्लोरेसिन की उपस्थिति के कारण वेनिस की ग्रैंड कैनाल हरी हो जाती है।

उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

A. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I:

निकोटीन तंबाकू के पौधों की पत्तियों में पाया जाने वाला एक रासायनिक यौगिक है।

कथन-II:

निकोटीन एक अल्कलॉइड है जो केवल एक उत्तेजक है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

6. बंधुआ मज़दूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम संपूर्ण भारत में विस्तारित है लेकिन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा लागू किया जाता है।
2. यह सतर्कता समितियों के रूप में ज़िला स्तर पर संस्थागत तंत्र प्रदान करता है।
3. न्यूनतम मज़दूरी का भुगतान न करना संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत बंधुआ मज़दूरी है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।
2. भारत चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता होने के साथ-साथ सबसे बड़ा निर्यातक भी है।
3. भारत चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई भी नहीं

8. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) एक दीर्घकालिक निवेश है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) एक अल्पकालिक निवेश है।
3. FDI की मंज़ूरी केवल उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

9. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. वॉक फ्री फाउंडेशन द्वारा वैश्विक दासता सूचकांक 2023 जारी किया जाता है।
2. वैश्विक दासता सूचकांक 2023 के अनुसार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आधुनिक दासता में सबसे ज़्यादा लोग रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने शांतिपूर्ण वैश्विक हवाई नेविगेशन के लिये मानकों और प्रक्रियाओं की नींव रखी।
2. ICA कन्वेंशन पर शिकागो कन्वेंशन (1944) के दौरान हस्ताक्षर किये गए थे।
3. भारत इसके 193 सदस्यों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई नहीं

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?

1. दूसरी अंतर-सरकारी वार्ता समिति (INC) की बैठक ने भूजल संदूषण से निपटने और इसके उन्मूलन हेतु एक विश्वव्यापी समझौते पर ठोस चर्चा के लिये रूपरेखा तैयार करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. अंतर सरकारी वार्ता समिति (INC) की स्थापना वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र विकास सभा के 5वें सत्र में की गई थी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. गोबरधन के लिये एकीकृत पंजीकरण पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जल शक्ति मंत्रालय ने बायोगैस/संपीड़ित बायोगैस (CBG) संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिये एक पोर्टल विकसित किया है।
2. पोर्टल बायोगैस/CBG क्षेत्र में निवेश और भागीदारी का आकलन करने के लिये एकल कोष के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. 'रोज़गार कार्य समूह' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रोज़गार कार्य समूह (EWG) रोज़गार, श्रम बाज़ारों और सामाजिक नीतियों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने हेतु G7 ढाँचे के भीतर स्थापित एक मंच है।
2. EWG 2023 के लिये प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र वैश्विक कौशल अंतराल को संबोधित करना, गिग एवं प्लेटफॉर्म इकॉनमी, सामाजिक सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. पीएम-स्वनिधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्ण रूप से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है।
2. इस योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले ऋण असंपार्श्विक हैं।
3. यह योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने वाले सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध है।

उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई नहीं

15. निगम कर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निगम कर कंपनी अधिनियम 1956 के तहत, भारत में पंजीकृत सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों द्वारा देय है।
2. यह एक कंपनी की निवल आय पर लगाया गया प्रत्यक्ष कर है।
3. निगम कर की उच्च दर किसी देश या क्षेत्र को निवेश के लिये कम आकर्षक बना सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हिमालयन ब्राउन बियर की विशेषताओं को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है ?

A. वे शहद के बहुत शौकीन हैं, इसलिये उनका अन्य नाम "हनी बियर" है।

B. वे प्रकृति में निशाचर हैं।

C. वे IUCN रेड लिस्ट के तहत सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध हैं।

D. वे केवल उत्तर-पश्चिमी हिमालय में पाए जाते हैं।

17. कथकली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऋषि भरत द्वारा लिखित नाट्य शास्त्र पर आधारित है।
2. मणिप्रवालम, मलयालम और तमिल का मिश्रण, कथकली गीतों में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा है।
3. इसे "पूर्व का गाथागीत" भी कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

18. शिमशा, भवानी, अमरावती और हरंगी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदियाँ हैं ?

A. गोदावरी
B. नर्मदा
C. कावेरी
D. कृष्णा

19. भारत और नेपाल के बीच सहयोग के क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत-नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
2. नेपाल पाँच भारतीय राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ सीमा साझा करता है।
3. संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण भारत और नेपाल में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फिस्टुला दो शरीर के अंगों के बीच एक असामान्य संबंध है।
2. फिस्टुला शरीर के कई हिस्सों में हो सकता है।
3. फिस्टुला का इलाज केवल सर्जरी द्वारा किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त कोई नहीं

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुपरबग बैक्टीरिया होते हैं जो कई प्रकार की एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोधी होते हैं।
2. वर्तमान में उपलब्ध सभी एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध को विकसित करने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता के कारण इसे "रेड अलर्ट" मानव रोगजनक के रूप में जाना जाता है।
3. एबॉसीन (Abaucin) एक यौगिक है जो एक संकीर्ण-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक के रूप में उपयोगी गतिविधि दिखाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

22. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्पष्ट रूप से मिताक्षरा विधि की विशेषताओं का वर्णन करता है:

A. इसका उपयोग बंगाल और असम में किया जाता है।
B. इसके तहत पिता के जीवनकाल के दौरान संपत्ति के वारिसों (coparcenary) को इस पर अधिकार प्राप्त होते हैं।
C. इसके तहत पुत्र के पास जन्म से संपत्ति के स्वत: स्वामित्व का कोई अधिकार नहीं होता है, लेकिन वह इसे अपने पिता की मृत्यु पर प्राप्त करता है।
D. इसमें प्रत्येक वारिस का हिस्सा परिभाषित होता है, जिसे संबंधित व्यक्ति को प्रदान किया जाता है।

नोट :

23. पुरापाषाण काल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पाषाण युग के अंतिम चरण के रूप में संदर्भित किया जाता है।
2. होमोसेपियन्स की उत्पत्ति उच्च पुरापाषाण काल से संबंधित है।
3. मध्यप्रदेश की भीमबेटका गुफाओं में पाई गई रॉक पेंटिंग्स और नक्काशियों से पता चलता है कि शिकार इनकी मुख्य जीवन निर्वहन गतिविधि थी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई नहीं

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्बिया पूर्वी यूरोप में एक लैंडलॉक देश है।
2. यह हंगरी, रोमानिया और बुल्गारिया के साथ सीमा साझा करता है।
3. सर्बिया बाल्कन देशों का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में आयात और निर्यात में गिरावट वैश्विक मांग में कमी की व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है।
2. विभिन्न देशों में बढ़ती मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीतियों को मज़बूत करने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लिथियम-आयन बैटरी में ठोस इलेक्ट्रोलाइट और इलेक्ट्रोड का उपयोग किया जाता है।
2. बैटरी चार्ज करने के दौरान लिथियम आयन ऋणात्मक इलेक्ट्रोड से धनात्मक इलेक्ट्रोड में चले जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रतिकूल कब्ज़ा शत्रुतापूर्ण, निरंतर, निर्बाध और शांतिपूर्ण कब्ज़े के माध्यम से संपत्ति के अधिग्रहण को संदर्भित करता है।
2. 12 वर्ष से अधिक समय से निजी अथवा सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा रखने वाला कोई भी व्यक्ति उस संपत्ति का मालिक बन सकता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित समझौतों/नियमों पर विचार कीजिये:

1. बचाव समझौता
2. दायित्व अभिसमय
3. मून समझौता
4. हेलसिंकी नियम

उपर्युक्त में से कितने समझौते/नियम बाह्य अंतरिक्ष को नियंत्रित करते हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

29. भारत के राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उसका चुनाव एक निर्वाचक मंडल प्रणाली के माध्यम से होता जाता है, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सांसदों द्वारा वोट डाले जाते हैं।
2. संविधान का अनुच्छेद 54 राष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित है।
3. अनुच्छेद 61 के तहत संविधान का उल्लंघन करने पर राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नही

30. हाल ही में खबरों में रहा कखोवका बाँध निम्नलिखित में से किस देश में अवस्थित है ?

A. रूस
B. यूक्रेन
C. मंगोलिया
D. बेलारूस

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रोलैंड-गैरोस एक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है।
2. रोलैंड-गैरोस एक सांस्कृतिक और कलात्मक आयोजन है तथा फ्रेंच ओपन इसका एक हिस्सा है।
3. मस्कटियर्स ट्रॉफी से रोलैंड-गैरोस में पुरुष चैंपियन को सम्मानित किया जाता है, और महिला चैंपियन को सुज़ैन लेंग्लेन ट्रॉफी से सम्मानित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

32. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:

1. ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन का गठन
2. नेटाल इंडियन कॉन्ग्रेस का गठन
3. टॉल्स्टॉय फार्म की स्थापना

इन घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

A. 1-2-3
B. 2-1-3
C. 3-2-1
D. 2-3-1

33. ग्राउंड-लेवल ओज़ोन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I:

ग्राउंड-लेवल ओज़ोन एक रंगहीन और अत्यधिक परेशान करने वाली गैस है जो पृथ्वी की सतह के पास बनती है, आमतौर पर ज़मीन के ऊपर दो मील के भीतर।

कथन-II:

ग्राउंड-लेवल ओज़ोन वाहनों, विद्युत संयंत्रों, कारखानों और अन्य दहन स्रोतों से उत्सर्जित होती है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में वर्ष 2025 तक तंबाकू के उन्मूलन का प्रयास किया गया है।
2. सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियमों के अनुसार, निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी पैकेज के प्रमुख प्रदर्शन क्षेत्र के कम-से-कम 85% को कवर करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I:

सरकार 22 अनिवार्य फसलों के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की घोषणा करती है।

कथन-II:

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है जो कृषि लागत तथा मूल्य आयोग की सिफारिशों पर आधारित होता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

36. मिशन ऑन एडवांस्ड एंड हाई-इम्पैक्ट रिसर्च (MAHIR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. MAHIR को संयुक्त रूप से विद्युत मंत्रालय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य वैश्विक विद्युत क्षेत्र के लिये उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य की प्रासंगिकता के क्षेत्रों की पहचान करना और उन्हें स्वदेशी रूप से विकसित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India- NHAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NHAI ने भारत में राजमार्ग नेटवर्क को डिजिटल बनाने के लिये 'डेटा लेक टूल' विकसित किया है।
2. NHAI सक्रिय रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिये पुनर्नवीनीकृत सामग्री का उपयोग कर रहा है।
3. महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे बड़ा नेटवर्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

38. फर्मी ऊर्जा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्ण शून्य तापमान (-273° C या 0K) पर एक सामग्री में इलेक्ट्रॉनों के उच्चतम व्याप्त अवस्था की ऊर्जा है।
2. बेहद कम तापमान पर भी चाँदी उच्च फर्मी ऊर्जा प्रदर्शित करती है।
3. यह प्राकृतिक घटनाओं और तकनीकी अनुप्रयोगों जैसे सितारों, परमाणु प्रतिक्रियाओं, लेज़र, ट्रांज़िस्टर और सौर कोशिकाओं में प्रासंगिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस वर्ष 2019 के बाद से प्रत्येक वर्ष 7 जून को मनाया जाता है।
2. तमिलनाडु ने 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक में बड़े राज्यों में शीर्ष रैंक हासिल की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. वित्तीय समावेशन सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा बिना किसी 'आधार वर्ष' के विकसित किया गया था।
2. इसे प्रत्यक्ष रूप से विकास संकेतकों में समग्र माप के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के तहत मोलिब्डेनम (Mo) और जिंक जैसे माध्यमिक तथा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों वाले समृद्ध उर्वरकों को अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है।
2. NBS नीति का उद्देश्य P और K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरीकरण का इष्टतम संतुलन (N:P: K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है जो विश्वसनीय, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करने के लिये कार्य करती है।
2. इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
3. भारत IEA के संस्थापक सदस्यों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

43. रक्षा, सुरक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने हेतु अटलांटिक घोषणा निम्नलिखित में से किसके बीच घोषित की गई थी ?

A. यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका
B. संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन
C. ब्रिटेन और कनाडा
D. यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम

44. निम्नलिखित में से कौन-सा 'एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट' (ASBA) सुविधा के उद्देश्य को सबसे अच्छा दर्शाता है ?

A. आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) में निवेशकों को भाग लेने में सक्षम बनाने के लिये।
B. खुदरा योजनाओं में प्रत्यक्ष निवेश की सुविधा के लिये।
C. उच्च मूल्य के लेन-देन पर नज़र रखने के लिये।
D. IPO जारीकर्त्ता या स्टॉक ब्रोकर को अग्रिम धन हस्तांतरित करने के लिये।

नोट :

45. हाइपरसोनिक मिसाइलों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाइपरसोनिक मिसाइलें कम-से-कम 2 मैक की गति से उड़ान भरती हैं।
2. हाइपरसोनिक मिसाइलों को लक्षित लक्ष्य तक पहुँचाया जा सकता है।
3. भारत-रूस संयुक्त उद्यम 'ब्रह्मोस' एक हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई नहीं

46. दक्षिणी आल्प्स पर्वत श्रृंखला निम्नलिखित में से किस देश में अवस्थित है ?

A. ऑस्ट्रिया
B. न्यूज़ीलैंड
C. ऑस्ट्रेलिया
D. लिकटेंस्टाइन

47. जल जीवन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. JJM ने वर्ष 2022 के अंत तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है।
2. इस अभियान के तहत जल समितियों में 10-15 सदस्य होते हैं जिसमें कम-से-कम 50% सदस्य महिलाएँ होनी चाहिये।
3. केंद्र और राज्यों के बीच वित्तपोषण स्वरूप हिमालयन तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये 90:10, अन्य राज्यों के लिये 50:50 है, जबकि केंद्रशासित प्रदेशों के मामलों में शत-प्रतिशत योगदान केंद्र द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

48. मधुमेह (डायबिटीज़) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टाइप 2 मधुमेह तब होता है जब अग्न्याशय बहुत कम या कोई इंसुलिन नहीं बनाता है।
2. इसे किशोर मधुमेह के रूप में भी जाना जाता है।
3. यह टाइप 1 मधुमेह से कहीं अधिक गंभीर है जो मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

49. पीएम-स्वनिधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की घोषणा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-द्वितीय के एक भाग के रूप में की गई थी।
2. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. यह योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी स्ट्रीट वेंडर्स हेतु उपलब्ध है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

50. सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCSCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'मिशन कर्मयोगी' एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भर्ती के बाद केंद्र के मानव संसाधन विकास में सुधार करना है।
2. कार्यक्रम का उद्देश्य "नियम-आधारित से भूमिका-आधारित" मानव संसाधन प्रबंधन (HRM) में परिवर्तन करना है।
3. प्रधानमंत्री की मानव संसाधन परिषद NPCSCB को नियंत्रित करेगी और सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को मंज़ूरी देगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 161 के तहत किसी कैदी को क्षमा करने की राज्यपाल की शक्ति राज्य सरकार की सलाह से स्वतंत्र नहीं है बल्कि प्रकृति में बाध्यकारी है।
2. राज्य के मुख्यमंत्री की नियुक्ति हेतु राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति उन उदाहरणों तक सीमित है जब किसी भी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामान्य वायुमंडलीय परिस्थितियों में यह एक अस्थिर तरल पदार्थ है।
2. यह कच्चे तेल का नवीकरणीय विकल्प है।
3. इसका उपयोग विलयक, ईंधन और प्रशीतक के रूप में किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने डाइमिथाइल ईथर (DME) के संबंध में सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. लाभार्थियों को 5,000 रुपए का नकद लाभ तीन किश्तों में मिलता है।
3. लक्षित लाभार्थियों में सभी पात्र गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ शामिल हैं, जिनकी गर्भावस्था 1 जनवरी, 2017 को या उसके बाद परिवार में पहले बच्चे के लिये है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

54. क्षारीय समुद्री जल इलेक्ट्रोलाइज़र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षारीय समुद्री जल इलेक्ट्रोलाइज़र IIT-मद्रास द्वारा विकसित किया गया है।
2. इसका उपयोग हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिये किया जाएगा।
3. यह इलेक्ट्रोलिसिस के लिये क्षारीय जल का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. भारतीय रेलवे विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है।
2. इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) रेलगाड़ियों की निर्बाध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने हेतु सभी घटकों के तालमेल को सुनिश्चित करता है।
3. वर्ष 2022 तक भारतीय रेलवे नेटवर्क का 65.5% इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General- CAG) केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है।
B. CAG राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना कार्यकाल पूरा करता है।
C. CAG भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के तहत आगे की नियुक्ति हेतु पात्र है।
D. उपर्युक्त कोई भी नहीं

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोरोनल मास इजेक्शन पृथ्वी पर उसी गति से पहुँचते हैं जिस गति से सूर्य की किरणें पृथ्वी पर पहुँचती हैं।
2. CME आकार में विस्तृत होते जाते हैं क्योंकि वे सूर्य से दूर अथवा आगे की ओर फैलते हैं।
3. कोरोनल मास इजेक्शन का अध्ययन भारत के आदित्य-L1 मिशन के उद्देश्यों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

58. भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रमुख प्रभाव क्या हैं ?

1. जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के प्रतिरूप में बदलाव आया है।
2. बढ़ते तापमान का फसल की वृद्धि और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
3. जलवायु परिवर्तन कीट एवं रोगों के वितरण तथा प्रचुरता को प्रभावित करता है, जिससे कृषि कीट प्रबंधन में चुनौती उत्पन्न होती है।
4. जलवायु परिवर्तन कुछ क्षेत्रों में विभिन्न फसलों की उपयुक्तता को प्रभावित कर सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 4
D. 1, 2,3 और 4

59. अकाउंट एग्रीगेटर (AA) सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2016 में RBI (भारतीय रिज़र्व बैंक) ने AA को NBFC (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के एक नए वर्ग के रूप में मंज़ूरी दी।
2. AA वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIU) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्त्ताओं (FIU) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम करता है।
3. AA का आर्किटेक्चर डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) फ्रेमवर्क पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

60. हाल ही में खबरों में रही चिटे लुई नदी भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में अवस्थित है ?

A. असम
B. मिज़ोरम
C. नगालैंड
D. मणिपुर

61. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) इयरबुक 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अमेरिका ने रूस को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज़्यादा परमाणु शस्त्रागार जमा किया है।
2. भारत के परमाणु शस्त्रागार का विस्तार हुआ है, लेकिन यह अभी भी पाकिस्तान से पीछे है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. हाल ही में शुरू की गई हिरोशिमा AI प्रोसेस (HAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत जापान में वर्ष 2023 G7 शिखर सम्मेलन के दौरान की गई।
2. यह आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) तथा AI पर वैश्विक भागीदारी (GPAI) के सहयोग से काम करेगा।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी देश के अंदर एक ऐसा क्षेत्र होता है जो आमतौर पर शुल्क-मुक्त (राजकोषीय रियायत) होता है तथा इसके अलग-अलग व्यवसाय और वाणिज्यिक कानून हैं।
2. एशिया का पहला EPZ (निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र) गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया था।
3. भारत की मौजूदा SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बाबा कल्याणी के नेतृत्व वाली समिति का गठन किया गया था।

उपर्युक्त कितने कथन सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

64. वन स्टॉप सेंटर (OSCs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा को दूर करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. यह इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना सहित महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय मिशन की अंब्रेला योजना की एक उप-योजना है।
3. इसे निर्भया फंड के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है और केंद्र सरकार राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अवस्फीति की एक स्वस्थ दर आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को अत्यधिक प्रभावित होने से रोकती है।
2. मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की एक इकाई की क्रय शक्ति में कमी का सूचक है।
3. मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से थोक मूल्य सूचकांक (WPI) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) द्वारा मापा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

एवरग्रीनिंग लोन:

- परिचय:
  - एवरग्रीनिंग लोन, ज़ोंबी ऋण का एक रूप है, यह एक उधारकर्त्ता, जो वर्तमान में प्राप्त ऋणों को चुकाने में असमर्थ है, को नए या अतिरिक्त ऋण देने का एक तरीका है, जिससे गैर-निष्पादित आस्तियों (NPA) या बैड लोन की वास्तविक स्थिति को छुपाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- एवरग्रीनिंग लोन के लिये प्रयुक्त दृष्टिकोण:
  - NPA के रूप में वर्गीकृत करने से बचने के लिये दो उधारदाताओं के बीच ऋण या ऋण उपकरणों को बेचना और खरीदना।
  - अच्छे कर्ज़दारों के डिफॉल्ट को छिपाने के लिये दवाबयुक्त कर्ज़दारों के साथ संरचित सौदे करने पर सहमति व्यक्त करना।
  - उधारकर्त्ताओं के पुनर्भुगतान दायित्वों को समायोजित करने के लिये आंतरिक या कार्यालयी खातों का उपयोग करना।
  - दवाबयुक्त उधारकर्त्ताओं या संबंधित संस्थाओं को पहले के ऋणों के भुगतान की तारीख के आस-पास नए ऋणों का नवीनीकरण या वितरण करना।
- प्रभाव:
  - एवरग्रीनिंग लोन बैंकों की परिसंपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता की नकारात्मक धारणा बना सकते हैं और दबावयुक्त परिसंपत्तियों की पहचान और उनके समाधान में देरी कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - यह ऋण अनुशासन के साथ उधारकर्त्ताओं के बीच नैतिक जोखिम को भी कम कर सकता है तथा जमाकर्त्ताओं, निवेशकों और नियामकों के विश्वास को समाप्त कर सकता है।

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अल-नीनो एक जलवावीय परिघटना है जो उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में होती है। इसमें समुद्र की सतह के तापमान का गर्म होना, वायुमंडलीय परिसंचरण और मौसम प्रणालियों के सामान्य पैटर्न को बाधित करना शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अल-नीनो की घटनाओं के दौरान व्यापारिक पवनें कमज़ोर हो जाती हैं और पश्चिमी प्रशांत महासागर से गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिससे वैश्विक स्तर पर वर्षा के पैटर्न में बदलाव होता है। अल-नीनो का मौसम, कृषि, मत्स्य पालन तथा पारिस्थितिक तंत्र पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD): इसे दो क्षेत्रों हिंद महासागर के पूर्वी भाग (अरब सागर) और पश्चिमी भागों के मध्य के तापांतर के रूप में परिभाषित किया जाता है। उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर की तापीय और वायुमंडलीय स्थितियों में स्पष्ट परिवर्तन के कारण इसे 'भारतीय नीनो' भी कहा जाता है।
- एक सकारात्मक IOD तब होता है जब समुद्र की सतह का तापमान अरब सागर में सामान्य से अधिक और उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर में सामान्य से कम होता है। जब स्थिति विपरीत होती है, तो ऋणात्मक IOD विकसित हो जाता है।
- सकारात्मक IOD भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक मानसून वर्षा और अधिक सक्रिय (सामान्य वर्षा से अधिक) मानसून के दिनों की ओर जाता है जबकि नकारात्मक IOD कम वर्षा और अधिक मानसून ब्रेक डे (कोई वर्षा नहीं) की ओर जाता है।
- नकारात्मक IOD अल-नीनो का पूरक है जिससे गंभीर सूखा पड़ता है। अत: कथन 3 सही है।

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

परिसीमन आयोग:

- नियुक्ति:
- आयोग की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और यह भारत के चुनाव आयोग के सहयोग से काम करता है।
- संघटन:
- सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश
- मुख्य चुनाव आयुक्त
- संबंधित राज्य चुनाव आयुक्त
- कार्य:
- सभी निर्वाचन क्षेत्रों की आबादी को लगभग बराबर करने के लिये निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या और सीमाओं का निर्धारण करना।
- अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीटों की पहचान करना, जहाँ उनकी जनसंख्या अपेक्षाकृत अधिक है। अत: कथन 1 सही है।
- शक्तियाँ:
- आयोग के सदस्यों के मध्य मतभेद के मामले में बहुमत से की गई राय मान्य होती है।
- यह एक उच्च शक्ति वाला निकाय है जिसके आदेशों को कानूनी शक्ति प्राप्त होती है और किसी भी न्यायालय के समक्ष इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। अत: कथन 2 सही है।

4.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वेनिस की प्रसिद्ध ग्रैंड कैनाल ने हाल ही में चमकीले हरे रंग का रूप ले लिया है
- जल के परीक्षण के नमूने लेने के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह रंग फ्लोरेसिन के कारण हुआ था। यह एक रसायन जो आमतौर पर जल में किये जा रहे निर्माण में रिसाव का पता लगाने के लिये उपयोग किया जाता है।अत: दोनों कथन सही हैं।
- हालाँकि, ग्रैंड कैनाल में रिसाव का पता लगाने के लिए फ्लोरेसिन का उपयोग नहीं किया जाता है। कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
- हालाँकि फ्लोरेसिन में विषाक्तता का स्तर कम होता है और इस परीक्षण ने नहर के पारिस्थितिकी तंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया है।
- फ्लोरेसिन की सांद्रता के आधार पर नहर को अपने सामान्य रंग में लौटने में कुछ और दिन का समय लग सकता हैं क्योंकि यह रसायन घुलनशील है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- निकोटिन एक रासायनिक यौगिक है जो तंबाकू के पौधे (निकोटियाना टैबैकम) और नाइटशेड परिवार के कुछ अन्य पौधों की पत्तियों में पाया जाता है। अत: कथन-I सही है।
- यह एक अल्कलॉइड है जो शामक और उत्तेजक दोनों होता है। अत: कथन II सही नहीं है।

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बंधुआ मज़दूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976:
- यह अधिनियम संपूर्ण भारत में विस्तारित है लेकिन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा लागू किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी फैसला सुनाया है कि संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत न्यूनतम मज़दूरी का भुगतान "बलात् श्रम" के सामान है। अत: कथन 3 सही है।
- यह सतर्कता समितियों के रूप में ज़िला स्तर पर एक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
    - सतर्कता समितियाँ ज़िला मजिस्ट्रेट (DM) को इस अधिनियम के प्रावधानों को उचित रूप से लागू करने करने की सलाह देती हैं।
- राज्य सरकारें/केंद्रशासित प्रदेश इस अधिनियम के तहत अपराधों के परीक्षण हेतु कार्यकारी मजिस्ट्रेट को प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ प्रदान कर सकते हैं।

7.

उत्तर: A

व्याख्या:

वर्ष 2022-23 में भारत के कृषि क्षेत्र की वैश्विक स्थिति:

- दूध उत्पादन:
    - भारत विश्व के सबसे बड़े दूध उत्पादक के रूप में अग्रणी है। अत: कथन 1 सही है।
- गेहूँ का उत्पादन:
    - चीन के बाद भारत वैश्विक स्तर पर गेहूँ का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
- चावल उत्पादन:
    - भारत चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और निर्यात में नंबर एक पर है। अत: कथन 3 सही है।
- चीनी उत्पादन:
    - भारत चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बनकर उभरा है जबकि दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- दलहन उत्पादन:
    - भारत विश्व स्तर पर दालों के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में प्रसिद्ध है।

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) विदेशी संस्थाओं/निवेशकों द्वारा एक अलग देश में स्थित व्यवसायों और परिसंपत्तियों में किया जाता है। यह एक दीर्घकालिक निवेश है। अत: कथन 1 सही है।
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) विदेशी निवेशकों, संस्थानों द्वारा फ्लाई बाई नाइट/हॉट मनी (Fly by Night/Hot Money) के रूप में जानी जाने वाली वित्तीय संपत्तियों में किया जाता है। यह एक अल्पकालिक निवेश है। अत: कथन 2 सही है।
- FDI की मंज़ूरी उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) तथा RBI द्वारा प्रशासित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वॉक फ्री फाउंडेशन की एक नई रिपोर्ट- 'वैश्विक दासता सूचकांक (The Global Slavery Index) 2023', वैश्विक स्तर पर आधुनिक दासता के बढ़ते प्रचलन पर प्रकाश डालती है, ऐसी स्थितियों में रहने वाले लोगों की संख्या 50 मिलियन तक पहुँच गई है जिसमें पिछले पाँच वर्षों में 25% की व्यापक वृद्धि देखी गई है। अत: कथन 1 सही है।
- वैश्विक दासता सूचकांक 2023 के अनुसार, अनुमानित 50 मिलियन लोग वर्ष 2021 में किसी भी दिन आधुनिक गुलामी/दासता के शिकार थे। वर्ष 2016 के बाद इस संख्या में 10 मिलियन लोगों की वृद्धि हुई है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आधुनिक दासता में लोगों की सबसे बड़ी संख्या है। अत: कथन 2 सही है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन:

- यह संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) की एक विशिष्ट एजेंसी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1944 में राज्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन अभिसमय (शिकागो कन्वेंशन) के संचालन तथा प्रशासन के प्रबंधन हेतु की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संबंधी अभिसमय/कन्वेंशन पर 7 दिसंबर, 1944 को शिकागो में हस्ताक्षर किये गए। इसलिये इसे शिकागो कन्वेंशन भी कहते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - शिकागो कन्वेंशन ने वायु मार्ग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की अनुमति देने वाले प्रमुख सिद्धांतों की स्थापना की और ICAO के निर्माण का भी नेतृत्व किया।
- इसका एक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन की योजना एवं विकास को बढ़ावा देना है ताकि विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन की सुरक्षित तथा व्यवस्थित वृद्धि सुनिश्चित हो सके।
- भारत इसके 193 सदस्यों में से है। अत: कथन 3 सही है।
- इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में है।

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- दूसरी अंतर-सरकारी वार्ता समिति (INC-2) का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिये वैश्विक समझौते पर वार्ता के लिये मंच प्रदान करना है ताकि पारिस्थितिकी तंत्र, प्रजातियों और मानवता को रैखिक प्लास्टिक अर्थव्यवस्था के गंभीर प्रभावों से बचाया जा सके। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- INC-2 का प्राथमिक एजेंडा प्रक्रिया के नियमों को अपनाना था। ये नियम विभिन्न पहलुओं जैसे कि बातचीत की प्रक्रिया, निर्णय लेने की प्रक्रिया (सर्वसम्मति या मतदान) और निर्णय लेने के लिये अधिकृत संस्थाओं को नियंत्रित करते हैं।
- INC की स्थापना फरवरी 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA-5.2) के 5वें सत्र में हुई थी। अत: कथन 2 सही है।

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) ने बायोगैस/संपीड़ित बायोगैस (CBG) संयंत्रों की स्थापना की सुविधा के लिये यह पोर्टल विकसित किया है। अत: कथन 1 सही है।

- भारत में बायोगैस/CBG/बायो CNG संयंत्र स्थापित करने का इच्छुक कोई भी सरकारी, सहकारी या निजी संस्था पोर्टल में नामांकन कर सकती है और पंजीकरण संख्या प्राप्त कर सकती है।
- यह पोर्टल संपूर्ण भारत के स्तर पर बायोगैस/CBG क्षेत्र में निवेश और भागीदारी का आकलन करने के लिये एकल कोष (वन-स्टॉप रिपॉजिटरी) के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही है।

13.

उत्तर: B

व्याख्या:

- रोज़गार कार्य समूह (EWG) G20 ढाँचे के भीतर स्थापित एक फोरम है जो रोज़गार, श्रम बाज़ारों और सामाजिक नीतियों से संबंधित मुद्दों का समाधान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह चर्चाओं में शामिल होने, अनुभव साझा करने और रोज़गार संबंधी मामलों पर नीतिगत सिफारिशों के लिये G20 सदस्य देशों तथा संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- EWG के लिये तीन प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की गई है- वैश्विक कौशल अंतराल को संबोधित करना; गिग, प्लेटफॉर्म इकॉनमी और सामाजिक सुरक्षा; सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण। अत: कथन 2 सही है।
- इन प्राथमिक क्षेत्रों की सभी सदस्य और भाग लेने वाले देशों तथा अन्य के लिये व्यापक प्रासंगिकता है, क्योंकि ये वैश्विक संदर्भ में वर्तमान चुनौतियों एवं अवसरों को दर्शाते हैं।

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

पीएम स्वनिधि योजना:

- यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है अर्थात् यह आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित योजना है, इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
- कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना
- नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना
- डिजिटल लेन-देन हेतु पुरस्कृत करना
- अत: कथन 1 सही नहीं है।
- क्रमश: 10,000 रुपए और 20,000 रुपए के पहले एवं दूसरे ऋण के अलावा 50,000 रुपए तक के तीसरे सावधि ऋण की शुरुआत की गई है।
- यह ऋण संपार्श्विक या कोलेट्रल के बिना प्रदान किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- ऋण देने वाली एजेंसियाँ:
- सूक्ष्म वित्त संस्थाओं, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, स्वयं सहायता समूहों को उनकी ज़मीनी स्तर पर उपस्थिति एवं स्ट्रीट वेंडर्स सहित शहरी गरीबों से निकटता के कारण अनुमति दी गई है।
  - पात्रता:
- राज्य और केंद्रशासित प्रदेश:
- यह योजना केवल उन्हीं राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत नियम और योजना अधिसूचित की है।
- हालाँकि मेघालय, जिसका अपना स्टेट स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट है, के लाभार्थी भाग ले सकते हैं।

- स्ट्रीट वेंडर्स:
  - यह योजना शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग कार्य में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इससे पहले यह योजना 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध थी।

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

निगम कर:

- परिचय:
  - निगम कर (Corporate Tax) कंपनी अधिनियम 1956 के तहत भारत में पंजीकृत सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों द्वारा देय है। अत: कथन 1 सही है।
  - निगम कर एक प्रत्यक्ष कर है जो किसी कंपनी की निवल आय या उसके संचालन से लाभ पर लगाया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - निगम कर कॉर्पोरेशन के निवल लाभ पर लगाया जाता है, जिसकी गणना निगम के कुल राजस्व से बेचे गए माल की लागत, परिचालन व्यय और मूल्यह्रास जैसे स्वीकार्य खर्चों को घटाकर की जाती है।
- महत्त्व:
  - निगम कर सरकारों के लिये राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है क्योंकि यह सार्वजनिक वस्तुओं एवं सेवाओं जैसे स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों तथा सुरक्षा को वित्तपोषित करने में मदद करता है।
  - अन्य वस्तुएँ और सेवाएँ जैसे स्कूल, अस्पताल, सड़कें और सुरक्षा उपलब्ध करता है।
  - निगम कर धन के पुनर्वितरण और आय असमानता को दूर करने में भी एक भूमिका निभाता है क्योंकि यह उन निगमों पर अधिक कर का बोझ डालता है जो अधिक लाभदायक हैं।
  - इसके अलावा निगम कर के अन्य आर्थिक और सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं।
    - उदाहरण के लिये, निगम कर व्यवसायों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को प्रभावित कर सकता है क्योंकि उच्च निगम कर दर किसी देश या क्षेत्र को कम कर दरों वाले अन्य न्यायालयों की तुलना में निवेश के लिये कम प्रभावी बना सकती है। अत: कथन 3 सही है।
  - निगम कर, व्यवसाय के स्थान और प्रकार को भी प्रभावित कर सकता है जो एक अधिकार क्षेत्र में संचालित होते हैं क्योंकि व्यवसाय कराधान परिदृश्य के आधार पर किसी विशेष क्षेत्र में निवेश करने की अधिक या कम संभावना हो सकती है।

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

हिमालयन ब्राउन बियर:

- परिचय:
  - हिमालयन ब्राउन बियर, ब्राउन बियर की उप-प्रजाति है जो पाकिस्तान से लेकर भूटान तक हिमालय के उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों में पाई जाती है।
  - इनके मोटे फर जो प्राय: रेतीले या लाल-भूरे रंग के होते हैं।
  - ये 2.2 मीटर तक लंबे हो सकते हैं जिनका वज़न 250 किलोग्राम तक होता है।
- स्थिति:
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) द्वारा हिमालयन ब्राउन बियर को गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered) प्रजाति की सूची में शामिल किया गया है। अत: कथन C सही नहीं है।

- ब्राउन बियर (उर्सस आर्कटोस/Ursus arctos) को कम चिंतनीय (Least Concern) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- CITES - अनुसूची II
  - अनुसूची II में सूचीबद्ध आबादी भूटान, चीन, मैक्सिको और मंगोलिया में पाई जाती है।
- यह भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के तहत सूचीबद्ध है।

- भोजन:
  - सर्वाहारी।
- व्यवहार:
  - ये निशाचर या रात्रिचर प्राणी हैं और उनकी घ्राण-शक्ति काफी तीव्र होती है, जो भोजन खोजने का उनका प्रमुख साधन माना जाता है। अत: कथन B सही है।
    - स्लॉथ भालू शहद के बहुत शौकीन होते हैं, इसलिए उनका वैकल्पिक नाम "हनी बियर" है। अत: कथन A सही नहीं है।
- खतरा:
  - मानव-पशु संघर्ष, निवास स्थान का तेज़ी से क्षरण, छाल, पंजे और अंगों के लिये अवैध शिकार तथा कुछ दुर्लभ मामलों में भालू के लिये चारे की अनुपलब्धता।
- क्षेत्र/रेंज:
  - उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिमालय, जिसमें भारत, पाकिस्तान, नेपाल, चीन का तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र और भूटान शामिल हैं। अत: कथन D सही नहीं है।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

कथकली:

- उत्पत्ति और इतिहास:
  - कथकली का उदय 17वीं शताब्दी में त्रावणकोर (वर्तमान केरल) में हुआ था।
    - इस कला रूप को प्रारंभ में मंदिर परिसर में प्रदर्शित किया जाता था और बाद में इसने शाही दरबारों में लोकप्रियता हासिल की।
  - कथकली ऋषि भरत द्वारा लिखित नृत्य पर प्राचीन ग्रंथ नाट्य शास्त्र पर आधारित है। अत: कथन 1 सही है।
    - हालाँकि कथकली हाथों की मुद्राओं की व्याख्या के लिये ग्रंथ हस्तलक्षण दीपिका पर आधारित है, जो एक अन्य शास्त्रीय पाठ है।
  - 20वीं शताब्दी की शुरुआत में कथकली संकट में थी और विलुप्त होने के कगार पर थी।
    - प्रसिद्ध कवि वल्लथथोल नारायण मेनन और मनक्कुलम मुकुंद राजा ने कथकली के पुनरुद्धार हेतु शास्त्रीय कला रूपों के लिये उत्कृष्टता केंद्र केरल कलामंडलम स्थापित करने की पहल की।
  - इसे "पूर्व का गाथागीत" भी कहा जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- नृत्य और संगीत:
  - कथकली नृत्य, संगीत, भाव-भंगिमा और नाटक के तत्त्वों को जोड़ती है।
  - इसमें गति को अत्यधिक शैलीबद्ध किया जाता है और इसमें जटिल चाल, लयबद्ध बोल तथा हाथों के विभिन्न इशारों को मुद्रा कहा जाता है।
    - नर्तक भावनाओं को व्यक्त करने और कहानियाँ सुनाने के लिये अपने चेहरे के भावों का उपयोग करते हैं जिन्हें रस के रूप में जाना जाता है।
  - मणिप्रवालम, मलयालम और संस्कृत का मिश्रण, कथकली गीतों में प्रयुक्त भाषा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - कथकली गीतों के पाठ को अट्टाकथा के नाम से जाना जाता है।
    - चेंडा, मद्दलम्, चेंगिला, इलत्तालम् कथकली संगीत के साथ प्रयोग किये जाने वाले प्रमुख वाद्य यंत्र हैं।

18.

उत्तर: C

व्याख्या:

कावेरी नदी (कावेरी):

- इसे तमिल में 'पोन्नी' के नाम से जाना जाता है, और यह दक्षिण भारत की चौथी सबसे बड़ी नदी है।
- यह दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी है। इसका उद्गम दक्षिण-पश्चिमी कर्नाटक राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित ब्रह्मगिरी पहाड़ी से होता है, यह कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों से होती हुई दक्षिण-पूर्व दिशा में बहती है और एक शृंखला बनाती हुई पूर्वी घाटों में उतरती है इसके बाद पांडिचेरी से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- बाएँ किनारे की सहायक नदियाँ: अर्कवती, हेमवती, शिमसा और हरंगी।
- दाहिने किनारे की सहायक नदियाँ: लक्ष्मणतीर्थ, सुवर्णवती, नोयिल, भवानी, काबिनी और अमरावती।
  - अत: विकल्प C सही है।

19.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत और नेपाल के बीच सहयोग के क्षेत्र:

- परिचय:
  - करीबी पड़ोसियों के रूप में भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अनूठे संबंधों को साझा करते हैं, जिसकी विशेषता एक खुली सीमा, दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तेदारी और मज़बूत सांस्कृतिक संबंध है।
  - वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की भारत-नेपाल संधि भारत एवं नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है।
  - नेपाल पाँच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- सीमा पार लोगों की मुक्त आवाजाही की लंबी परंपरा रही है।
- रक्षा सहयोग:
- द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में उपकरण और प्रशिक्षण के प्रावधान के माध्यम से नेपाली सेना को उसके आधुनिकीकरण में सहायता देना शामिल है।
- 'भारत-नेपाल बटालियन-स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण' भारत और नेपाल में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है है। अत: कथन 3 सही है।
- साथ ही वर्तमान में नेपाल के लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं।

- आर्थिक सहयोग:
  - भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। नेपाल, भारत का 11वाँ सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी है। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्ष 2022-23 में भारत ने नेपाल को 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया, जबकि भारत का आयात 840 मिलियन अमेरिकी डॉलर का था।
  - भारतीय कंपनियाँ नेपाल में सबसे बड़े निवेशकों में से हैं, जो कुल स्वीकृत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 30% से अधिक की हिस्सेदारी रखती हैं।

20.

उत्तर: B

व्याख्या:

फिस्टुला:

- परिचय:
  - फिस्टुला शरीर के दो अंगों, जैसे कि एक अंग या रक्त वाहिका और दूसरी संरचना के बीच एक असामान्य संबंध है। फिस्टुलस आमतौर पर चोट या सर्जरी का परिणाम होता है। संक्रमण या सूजन के कारण भी फिस्टुला बन सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - फिस्टुला शरीर के कई हिस्सों में हो सकता है। वे इनके बीच बन सकते हैं: एक धमनी और शिरा, पित्त नलिकाएँ और त्वचा की सतह (पित्ताशय की सर्जरी से) गर्भाशय ग्रीवा और योनि, बृहदान्त्र एवं शरीर की सतह, जिसके कारण मल गुदा के अलावा किसी अन्य छिद्र से बाहर निकलता है। अत: कथन 2 सही है।
- व्यापकता:
  - प्रसूति फिस्टुलस कम संसाधन वाले वातावरण में दो मिलियन महिलाओं को प्रभावित करते हैं, साथ ही प्रत्येक वर्ष 100,000 और विकसित होते हैं। प्रसूति फिस्टुला एक विनाशकारी प्रसव चोट है जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं मानवाधिकारों के संदर्भ में भी अनदेखा किया जाता है।
  - फिस्टुला वाली 50 में से केवल 1 महिला को इलाज मिल पाता है।
  - फिस्टुला-इन-एनो 2/10,000 के औसत के प्रसार के साथ सबसे सामान्य सामना की जाने वाली सर्जिकल समस्याओं में से एक है।
- इलाज:
  - जबकि कुछ फिस्टुला का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य दवाओं के साथ किया जा सकता है, हालाँकि यदि संक्रमण का दवा के माध्यम से निदान नहीं होता है या फिस्टुला काफी गंभीर स्थिति में है तो फिस्टुला हटाने को सर्जरी आवश्यक हो सकती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

एसिनेटोबैक्टर बॉमनी:

- यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा पहचाना गया एक खतरनाक जीवाणु है जो एंटीबायोटिक दवाओं के लिये प्रतिरोधी है।
- यह निमोनिया, मेनिन्जाइटिस और घाव संक्रमण जैसे गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है, जिससे मृत्यु हो सकती है।
- आमतौर पर अस्पतालों में पाया जाने वाला एसिनेटोबैक्टर बॉमनी सतहों पर लंबे समय तक जीवित रह सकता है, जिससे इसे समाप्त करना मुश्किल हो जाता है।
- वर्तमान में उपलब्ध सभी एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध को विकसित करने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता के कारण इसे "रेड अलर्ट" मानव रोगजनक के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध:

- सुपरबग बैक्टीरिया होते हैं जो कई प्रकार के एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोधी होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- WHO की सुपरबग्स की सूची में बैक्टीरिया पर ज़ोर दिया गया है, जो आनुवंशिक पदार्थ उत्पन्न करने की क्षमता रखते हैं तथा अन्य जीवाणुओं को दवा प्रतिरोध विकसित करने और उपचार से बचने या विरोध करने हेतु स्वाभाविक रूप से नए तरीके खोजने में सक्षम बनाता है। वे कवक भी हो सकते हैं।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध की प्रक्रिया:

- एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया अनुकूलन करते हैं और एंटीबायोटिक दवाओं के प्रभावों हेतु प्रतिरोधी बन जाते हैं, जिससे उपचार अप्रभावी हो जाता है।
  - एंटीबायोटिक्स जीवाणु संक्रमण को रोकने और इलाज हेतु उपयोग की जाने वाली दवाएँ हैं।
- एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग और दुरुपयोग ने दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा दिया है, जो वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में चिंता का विषय है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने निमोनिया, तपेदिक और खाद्यजनित रोगों जैसे संक्रमणों को सूचीबद्ध किया है क्योंकि एंटी-बैक्टीरिया प्रतिरोध बढ़ने के कारण मौजूदा दवाओं के साथ इन बीमारियों का इलाज करना कठिन होता जा रहा है।

एबॉसीन:

- परिचय:
  - एबॉसीन (Abaucin) एक यौगिक है जो एक संकीर्ण-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक के रूप में उपयोगी गतिविधि दिखाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - यह एसिनेटोबैक्टर बॉमनी (Acinetobacter Baumannii) के खिलाफ प्रभावी है।
- अन्वेषण:
  - मशीन-लर्निंग मॉडल दृष्टिकोण का उपयोग करके AI की सहायता से एबॉसीन की खोज की गई थी।
  - एसिनेटोबैक्टर बॉमनी वृद्धि को रोकने के लिये जाँचे गए ~ 7,500 अणुओं के डेटासेट के साथ नेटवर्क को प्रशिक्षित किया गया था।
  - नेटवर्क ने संरचनात्मक रूप से विभिन्न अणुओं की भविष्यवाणी की जिसमें एबॉसीन सहित ए. बॉमनी के खिलाफ गतिविधि थी।
  - एबॉसीन को प्रायोगिक रूप से मान्य किया गया था और इसमें शक्तिशाली जीवाणुरोधी गतिविधि पाई गई थी।
- कार्य प्रणाली:
  - एबॉसीन बैक्टीरिया में CCR2 प्रोटीन के सामान्य कार्य को बाधित करता है।
  - यह व्यवधान बैक्टीरिया के अंदर कुछ अणुओं की गति को बाधित करता है, जिससे उन्हें बाहरी झिल्ली तक पहुँचने से रोका जा सकता है।
  - नतीजतन एसिनेटोबैक्टर बॉमनी की वृद्धि बाधित होती है, जिससे संक्रमण पैदा करने की क्षमता कम हो जाती है।

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

हिंदू विधियों के प्रकार	
मिताक्षरा कानून	दायभाग कानून
मिताक्षरा शब्द याज्ञवल्क्य स्मृति पर विज्ञानेश्वर द्वारा लिखी गई एक टिप्पणी के नाम से लिया गया है।	दायभाग शब्द जिमुतवाहन द्वारा लिखित इसी तरह के नाम वाले पाठ से लिया गया है।
इसका अनुसरण भारत के सभी भागों में किया जाता है और बनारस, मिथिला, महाराष्ट्र और द्रविड़ स्कूलों में विभाजित है ।	इसका अनुसरण बंगाल और असम में किया जाता है।
एक पुत्र जन्म से ही संयुक्त परिवार की पैतृक संपत्ति में हित प्राप्त कर लेता है ।	एक पुत्र के पास जन्म से स्वत: स्वामित्व का कोई अधिकार नहीं होता है, लेकिन वह इसे अपने पिता की मृत्यु पर प्राप्त करता है।
एक सहदायिक का हिस्सा परिभाषित नहीं है और इसका निपटान नहीं किया जा सकता है।	प्रत्येक सहदायिक का हिस्सा परिभाषित किया गया है और उसका निपटान किया जा सकता है।
एक पत्नी बँटवारे की मांग नहीं कर सकती है लेकिन उसे अपने पति और बेटों के बीच किसी भी बँटवारे में हिस्सेदारी का अधिकार है।	यहाँ महिलाओं के लिये समान अधिकार मौजूद नहीं है क्योंकि बेटे विभाजन की मांग नहीं कर सकते क्योंकि पिता पूर्ण मालिक है।
सभी सदस्य पिता के जीवनकाल के दौरान सहदायिकी अधिकार प्राप्त करते हैं। अत: विकल्प B सही है।	पिता के जीवित रहने पर पुत्रों को सहदायिकी अधिकार प्राप्त नहीं होते हैं।

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

पुरापाषाण (पुराना पाषाण) युग

- यह मूल रूप से एक आखेटक और भोजन एकत्र करने वाली संस्कृति रही है।
  - नवपाषाण युग को पाषाण युग के समापन चरण के रूप में संदर्भित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पुरापाषाणकालीन औज़ारों में धारदार पत्थर, चोपर, कुल्हाड़ी, खुरचनी, भाला, धनुष और तीर आदि शामिल हैं तथा यह आमतौर पर मज़बूत चट्टान के क्वार्टजाइट से बने होते हैं।
- मध्यप्रदेश की भीमबेटका गुफाओं में पाई गई रॉक पेंटिंग्स और नक्काशियों से पता चलता है कि शिकार इनकी मुख्य जीवन निर्वहन गतिविधि थी। अत: कथन 3 सही है।
- भारत में पुरापाषाण काल को तीन चरणों में बाँटा गया है: प्रारंभिक या निम्न पुरापाषाण काल (50,0000 - 100,000 ईसा पूर्व), मध्य पुरापाषाण काल (100,000 - 40,000 ईसा पूर्व) और उच्च पुरापाषाण काल (40,000 - 10,000 ईसा पूर्व)।
- होमोसेपियन्स की उत्पत्ति उच्च पुरापाषाण काल से संबंधित है। अत: कथन 2 सही है।

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सर्बिया: सर्बिया पूर्वी यूरोप में एक लैंडलॉक देश है जो हंगरी, रोमानिया और बुल्गारिया के साथ सीमा साझा करता है। अत: कथन 1,2 सही हैं।

- वर्ष 1945 से द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद 1992 तक बाल्कन में वर्तमान बोस्निया और हर्ज़ेगोविना, क्रोएशिया, मैसेडोनिया, मोंटेनेग्रो, सर्बिया व स्लोवेनिया का क्षेत्र एक देश था, जिसे आधिकारिक तौर पर यूगोस्लाविया के समाजवादी संघीय गणराज्य (SFRY) के रूप में जाना जाता है, जिसकी राजधानी बेलग्रेड है। सर्बिया में कोसोवो और वोज्वोडिना के स्वायत्त प्रांत शामिल थे। अत: कथन 3 सही है।
- सोवियत संघ के पतन के बाद यूगोस्लाविया बिखर गया, प्रत्येक गणराज्य एक स्वतंत्र देश बन गया।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अप्रैल 2023 में भारत का व्यापारिक निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 12.7% कम हुआ।
- भारत में आयात और निर्यात दोनों में गिरावट रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक मांग में कमी की व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- विभिन्न देशों में बढ़ती मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीतियों को मज़बूत करने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अत: कथन 2 सही है।

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'लिथियम-आयन बैटरी' अथवा 'लि-आयन' बैटरी एक प्रकार की रिचार्जेबल (पुन: चार्ज की जा सकने वाली) बैटरी है।
- लि-आयन बैटरी में इलेक्ट्रोड पदार्थ के रूप में अंतर्वेशित लिथियम यौगिक का उपयोग किया जाता है, जबकि एक नॉन-रिचार्जेबल लिथियम बैटरी में धातु सदृश लिथियम का उपयोग किया जाता है।
- एक बैटरी में वैद्युत अपघट्य (Electrolyte) दो इलेक्ट्रोड होते हैं। वैद्युत अपघट्य के कारण आयनों का संचरण होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बैटरी के डिस्चार्ज होने के दौरान लिथियम आयन ऋणात्मक इलेक्ट्रोड से धनात्मक इलेक्ट्रोड की ओर जबकि चार्ज होते समय विपरीत दिशा में गति करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

27.

उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रतिकूल कब्ज़ा शत्रुतापूर्ण, निरंतर, निर्बाध और शांतिपूर्ण कब्ज़े के माध्यम से संपत्ति के अधिग्रहण को संदर्भित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- इस अवधारणा का उद्देश्य भूमि के स्वामित्व को लेकर लंबे समय से चली आ रही शंकाओं को रोकना है और किसी भू-मालिक द्वारा छोड़ी गई बेकार भूमि का उपयोग करने की अनुमति देकर समाज को लाभान्वित करना है।

- यह उन व्यक्तियों को भी सुरक्षा प्रदान करता है जिन्होंने कब्ज़ा करने वाले को संपत्ति का वास्तविक स्वामी माना है।
  - परिसीमा अधिनियम, 1963 के प्रमुख प्रावधान:
  - बर्डन ऑफ प्रूफ: 1963 के अधिनियम ने प्रतिकूल कब्ज़े के बर्डन ऑफ प्रूफ को दावेदार पर स्थानांतरित कर दिया, जिससे वास्तविक मालिक की स्थिति मज़बूत हो गई।
  - स्वामित्व का अधिग्रहण: लिमिटेशन एक्ट, 1963 के तहत कोई भी व्यक्ति जिसके पास 12 वर्ष से अधिक समय से निजी ज़मीन या 30 वर्ष से अधिक समय से सरकारी ज़मीन है, वह उस संपत्ति का मालिक बन सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रतिकूल कब्ज़े का दावा करने हेतु कब्ज़े को आवश्यक वैधानिक अवधि के लिये खुला, निरंतर और वास्तविक मालिक के अधिकारों के प्रतिकूल होना चाहिये।

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बाह्य अंतरिक्ष पर संयुक्त राष्ट्र संधियाँ:
  - इन संधियों को आमतौर पर "बाह्य अंतरिक्ष पर पाँच संयुक्त राष्ट्र संधियाँ" के रूप में संदर्भित किया जाता है:
    - बाह्य अंतरिक्ष संधि 1967: चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों सहित बाह्य अंतरिक्ष की खोज और उपयोग में देशों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों पर संधि।
    - बचाव समझौता 1968: अंतरिक्ष यात्रियों के बचाव, अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी और बाह्य अंतरिक्ष में प्रक्षेपित वस्तुओं की वापसी पर समझौता।
    - दायित्व अभिसमय 1972: अंतरिक्ष वस्तुओं के कारण होने वाली क्षति हेतु अंतर्राष्ट्रीय उत्तरदायित्व पर अभिसमय।
    - पंजीकरण अभिसमय 1976: बाह्य अंतरिक्ष में लॉन्च की गई वस्तुओं के पंजीकरण पर अभिसमय।
    - द मून एग्रीमेंट 1979: चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों पर देशों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला समझौता।

- भारत इन सभी पाँच संधियों का हस्ताक्षरकर्त्ता है, लेकिन उसने केवल चार का अनुसमर्थन किया है। भारत ने मून एग्रीमेंट की पुष्टि नहीं की है।

- अंतर्राष्ट्रीय नदियों के जल के उपयोग पर हेलसिंकी नियम एक अंतर्राष्ट्रीय दिशा-निर्देश है जो यह नियंत्रित करता है कि राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने वाली नदियों तथा उनसे संबंधित भूजल का उपयोग कैसे किया जा सकता है, जिसे 1966 में हेलसिंकी, फिनलैंड में अंतर्राष्ट्रीय कानून संघ (ILA) द्वारा अपनाया गया था। अत: विकल्प c सही है।

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत का राष्ट्रपति:

- भारतीय राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल प्रणाली के माध्यम से किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सांसदों द्वारा वोट डाले जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- चुनाव का आयोजन और निगरानी भारत के निर्वाचन आयोग (EC) द्वारा किया जाता है।
- निर्वाचक मंडल संसद के ऊपरी और निचले सदनों (राज्य सभा और लोकसभा सांसद) के सभी निर्वाचित सदस्यों और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधायकों) की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों से बना होता है।
- संवैधानिक प्रावधान:
  - अनुच्छेद 54: राष्ट्रपति का चुनाव, अत: कथन 2 सही है।
  - अनुच्छेद 55: राष्ट्रपति के चुनाव का तरीका।
  - अनुच्छेद 56: राष्ट्रपति के पद की अवधि।
  - अनुच्छेद 57: पुनर्निर्वाचन के लिये पात्रता।
  - अनुच्छेद 58: राष्ट्रपति के रूप में चयनित होने के लिये योग्यता।
- अनुच्छेद 61 के अनुसार, राष्ट्रपति को उनके कार्यकाल की समाप्ति से पहले केवल संविधान के उल्लंघन के आधार पर उनके पद से हटाया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

कखोवका बाँध:

नोट :

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

रोलैंड-गैरोस:

- रोलैंड-गैरोस ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन टेनिस जैसे चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में से एक है। यह पेरिस, फ्राँस में स्टेड रोलैंड-गैरोस में दो सप्ताह से अधिक समय तक आयोजित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- क्ले कोर्ट पर खेला जाने वाला यह एकमात्र ग्रैंड स्लैम इवेंट है, जो इसे दुनिया में सबसे अधिक शारीरिक और रणनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट बनाता है।
- प्रमुख विशेषताएँ:
  - फ्रेंच फेयर: रोलैंड-गैरोस न केवल एक टेनिस टूर्नामेंट है बल्कि एक सांस्कृतिक और कलात्मक कार्यक्रम भी है जो फ्रेंच स्वभाव एवं लालित्य को प्रदर्शित करता है। अत: कथन 2 सही है।
    - ये कोर्ट क्रश्ड ब्रिक और चूना पत्थर से बने होते हैं जो उन्हें अपना विशिष्ट लाल रंग देते हैं तथा गेंद की गति को धीमा कर देते हैं।
  - प्रमुख ट्राफियाँ: इस आयोजन में दो सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफियाँ हैं: पुरुषों हेतु कूप डेस मस्किटियर (मस्किटियर्स ट्रॉफी) और महिलाओं के लिये कूप सुज़ैन-लेंग्लेन (सुज़ैन लेंग्लेन ट्रॉफी) हैं। अत: कथन 3 सही है।
    - ट्रॉफियों का नाम चार फ्राँसीसी टेनिस दिग्गजों के नाम पर रखा गया है: पुरुषों के लिये रेने लैकोस्टे, जीन बोरोत्रा, हेनरी कोकेट और जैक्स ब्रुगनॉन और महिलाओं हेतु सुज़ैन लेंग्लेन।

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गांधी 1893 में एक कानूनी मामले को संभालने के लिये दक्षिण अफ्रीका पहुँचे लेकिन देश में भारतीयों के अधिकारों हेतु लड़ने के लिये प्रेरित हुए।
- उन्होंने डरबन में भारतीयों को संगठित किया और भारतीयों हेतु मतदान के अधिकार की वकालत करने के लिये वर्ष 1894 में नेटाल इंडियन कॉन्ग्रेस का गठन किया।
- उन्होंने अपने कानूनी अभ्यास, भारतीयों का प्रतिनिधित्व करने और उनकी शिकायतों को दूर करने के माध्यम से भेदभाव तथा नस्लवाद का सामना किया।
- उन्होंने भारतीयों के कल्याण के लिये समर्थन जुटाया और वर्ष 1903 में जोहान्सबर्ग में ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।
- वर्ष 1910 में गांधी ने टॉल्स्टॉय के विचारों से प्रेरित होकर जोहान्सबर्ग के पास एक और सहकारी कॉलोनी की स्थापना की, जिसे टॉल्स्टॉय फार्म कहा जाता है। अत: विकल्प B सही है।

33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्राउंड-लेवल ओज़ोन एक रंगहीन और अत्यधिक परेशान करने वाली गैस है जो पृथ्वी की सतह के पास बनती है, आमतौर पर ज़मीन के ऊपर दो मील के भीतर।
- ग्राउंड-लेवल ओज़ोन सीधे विशिष्ट स्रोतों से उत्सर्जित नहीं होती है। यह नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx), वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (VOC) तथा वाहनों, विद्युत संयंत्रों, कारखानों एवं अन्य दहन स्रोतों से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड के बीच जटिल अंत:क्रियाओं के माध्यम से बनती है। ये यौगिक ग्राउंड-लेवल ओज़ोन उत्पन्न करने के लिये सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में चक्रीय प्रतिक्रियाओं से गुज़रते हैं।
- अत: केवल कथन-I सही है और कथन-II गलत है।

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियम, 2020:
  - नियमों के अनुसार, निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी पैकेज के प्रमुख प्रदर्शन क्षेत्र के कम से कम 85% को कवर करना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही है।
  - इसमें से 60% चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी और 25% पाठ्य स्वास्थ्य चेतावनी को शामिल किया जाएगा।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 वर्ष 2025 तक वर्तमान तंबाकू के उपयोग में 30% की कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित करती है, जिससे यह अनिवार्य हो जाता है कि सरकार तंबाकू उत्पादों की बिक्री को रोकने हेतु प्रभावी उपाय कर रही है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- MSP किसानों को भुगतान की जाने वाली गारंटीकृत राशि है जिस पर सरकार उनकी उपज खरीदती है।
- सरकार 22 अनिवार्य फसलों के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की घोषणा करती है।
  - अनिवार्य फसलें खरीफ मौसम की 14 फसलें, 6 रबी फसलें और दो अन्य व्यावसायिक फसलें हैं।
  - इसके अलावा तोरिया और छिलके वाले नारियल का MSP क्रमश: तोरिया/सरसों और खोपरा के MSP के आधार पर तय किया जाता है। अत: कथन-I सही है।
- MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित होती है, जिसमें उत्पादन की लागत, मांग और आपूर्ति, बाज़ार मूल्य के रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार किया जाता है।
  - CACP कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। अत: कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।

36.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- विद्युत मंत्रालय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने संयुक्त रूप से "मिशन ऑन एडवांस एंड हाई-इम्पैक्ट रिसर्च" (MAHIR) नामक एक राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत की है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2023-24 से लेकर वर्ष 2027-28 तक पाँच वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिये बनाई गई इस योजना के तहत किसी विचार को उत्पाद में परिवर्तित करने हेतु प्रौद्योगिकी जीवन चक्र दृष्टिकोण का उपयोग किया जाएगा।
- वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के लिये उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य की प्रासंगिकता के क्षेत्रों की पहचान करना तथा प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास की शुरुआत करना। अत: कथन 2 सही है।

37.

उत्तर: (D)

व्याख्या:

- NHAI ने भारत में राजमार्ग नेटवर्क को डिजिटाइज़ करने के लिये 'डेटा लेक टूल' विकसित किया है, जिससे NHAI को अपने बुनियादी ढाँचे द्वारा उत्पन्न डेटा की अधिक मात्रा को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलती है। अत: कथन 1 सही है।

- राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिये NHAI द्वारा पुनर्नवीनीकृत सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है जिसमें फ्लाई-ऐश, प्लास्टिक अपशिष्ट, पुनर्नवीनीकृत डामर (RAP) और पुनर्नवीनीकृत समुच्चय (RA) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- बेसिक रोड स्टेटिस्टिक्स 2018-19 के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग (कुल लंबाई- 1,32,499 किलोमीटर) देश में कुल सड़क नेटवर्क का 2.09% है और सड़क यातायात का लगभग 40% भाग वहन करता है।
  - महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे बड़ा नेटवर्क (13.4%) है, इसके बाद उत्तर प्रदेश (8.9%) और राजस्थान (7.8%) का स्थान है। अत: कथन 3 सही है।

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

फर्मी ऊर्जा:

- फर्मी ऊर्जा पूर्ण शून्य तापमान (-273° C या 0K) पर एक सामग्री में इलेक्ट्रॉनों की उच्चतम व्याप्त अवस्था की ऊर्जा है। अत: कथन 1 सही है।
  - फर्मी ऊर्जा चालन में इलेक्ट्रॉन वेग को निर्धारित करती है, क्योंकि केवल फर्मी ऊर्जा के करीब ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन ही चालन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
- ताँबा, एल्युमीनियम और चाँदी जैसी धातुएँ बेहद कम तापमान पर भी उच्च फर्मी ऊर्जा प्रदर्शित करती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- क्वांटम यांत्रिकी द्वारा नियंत्रित इलेक्ट्रॉनों की फर्मी ऊर्जा और फार्मोनिक व्यवहार धातुओं के विभिन्न गुणों के लिये ज़िम्मेदार है जिनमें उनकी परावर्तता, विद्युत चालकता और ऊष्मा चालकता शामिल हैं।
- फर्मी ऊर्जा को फर्मी स्तर द्वारा मापा जाता है।
- हमारे दैनिक जीवन में मूलभूत व्यवहारों और धातुओं के अनुप्रयोगों को समझने के लिये फर्मी ऊर्जा को समझना आवश्यक है।
- क्वांटम भौतिकी के लिये महत्त्व:
  - फर्मी ऊर्जा पदार्थ में तरंग प्रकृति और इलेक्ट्रॉनों के असतत् ऊर्जा स्तरों को प्रदर्शित करती है।
  - फर्मी ऊर्जा विद्युत और ऊष्मा चालकता, ऊष्मा क्षमता, चुंबकत्व तथा अतिचालकता सहित पदार्थ के विभिन्न भौतिक गुणों को निर्धारित करती है।
  - फर्मी ऊर्जा प्राकृतिक घटनाओं और तकनीकी अनुप्रयोगों जैसे- सितारों, परमाणु प्रतिक्रियाओं, लेज़र, ट्रांज़िस्टर तथा सौर कोशिकाओं में प्रासंगिक है। अत: कथन 3 सही है।

39.

उत्तर: A

व्याख्या:

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस:

- विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, एक वैश्विक अभियान है जिसका उद्देश्य खाद्य जनित जोखिमों को रोकने, उनका पता लगाने और उनका प्रबंधन करने में मदद करने के लिये ध्यान आकर्षित करना और कार्रवाई को प्रेरित करना है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव के बाद वर्ष 2019 के बाद से प्रत्येक वर्ष 7 जून को मनाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इस अभियान का नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा सदस्य देशों और अन्य संबंधित संगठनों के सहयोग से किया जाता है।
- वर्ष 2023 की थीम: Food Standards Save Life (खाद्य मानक जीवन बचाते हैं)।

राज्य के खाद्य सुरक्षा सूचकांक:

- परिचय: FSSAI ने खाद्य सुरक्षा के विभिन्न मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (पहली बार 2018-19 में लॉन्च किया गया) विकसित किया है।

- मापदंड: यह सूचकांक मानव संसाधन और संस्थागत डेटा, अनुपालन, खाद्य परीक्षण - बुनियादी ढाँचे और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और उपभोक्ता अधिकारिता जैसे पाँच महत्त्वपूर्ण मानकों पर राज्य / केंद्रशासित प्रदेश के प्रदर्शन पर आधारित है।
  - सूचकांक एक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक बेंचमार्किंग मॉडल है जो सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में खाद्य सुरक्षा के मूल्यांकन के लिये एक वस्तुनिष्ठ ढाँचा प्रदान करता है।
- शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं की पहचान: केरल ने बड़े राज्यों में शीर्ष रैंक हासिल की इसके बाद पंजाब और तमिलनाडु का स्थान रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - मणिपुर और सिक्किम के साथ छोटे राज्यों में गोवा अग्रणी के रूप में उभरा है।
  - जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने केंद्रशासित प्रदेशों में शीर्ष तीन स्थानों हासिल की है।

40.

उत्तर: C

व्याख्या:

वित्तीय समावेशन सूचकांक:

- परिचय:
  - यह सरकार और संबंधित क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक के साथ-साथ पेंशन क्षेत्र के विवरण को शामिल करने वाला एक व्यापक सूचकांक है।
- इसे प्रत्यक्ष रूप से विकास संकेतकों में समग्र माप के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे RBI द्वारा वर्ष 2021 में बिना किसी 'आधार वर्ष' के विकसित किया गया था और प्रत्येक वर्ष जुलाई में प्रकाशित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- उद्देश्य:
  - देश भर में वित्तीय समावेशन की सीमा को मापने के लिये एक समग्र वित्तीय समावेशन सूचकांक का निर्माण करना।
  - यह सूचकांक सेवाओं की पहुँच, उपलब्धता एवं उपयोग तथा सेवाओं की गुणवत्ता मापने में आसानी के लिये अनुक्रियाशील है, जिसमें सभी 97 संकेतक शामिल हैं।
- मापदंड:
  - यह सूचकांक 0 और 100 के बीच की एकल संख्या में वित्तीय समावेशन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करता है, जहाँ 0 पूर्ण वित्तीय अपवर्जन का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं 100 पूर्ण वित्तीय समावेशन को दर्शाता है।
  - इसमें तीन व्यापक मापदंड (भार कोष्ठक में दर्शाए गए हैं) अर्थात् एक्सेस (35%), उपयोग (45%) और गुणवत्ता (20%) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक में विभिन्न आयाम शामिल हैं, जिनकी गणना कुछ संकेतकों के आधार पर की जाती है।
  - यह सूचकांक सभी 97 संकेतकों के लिये सेवाओं की पहुँच, उपलब्धता और उपयोग में आसानी तथा सेवाओं की गुणवत्ता के लिये उत्तरदायी है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के तहत इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं।
  - साथ ही मोलिब्डेनम (Mo) और जिंक जैसे माध्यमिक तथा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों वाले समृद्ध उर्वरकों को अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- P और K उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा सरकार द्वारा वार्षिक आधार पर प्रत्येक पोषक तत्त्व के लिये प्रति किलोग्राम के तौर पर की जाती है जो P और K उर्वरकों की अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू कीमतों, विनिमय दर, देश में इन्वेंट्री स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है।

- NBS नीति का उद्देश्य P और K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरीकरण का इष्टतम संतुलन (N:P: K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके। अत: कथन 2 सही है।

42.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) एक स्वायत्त संगठन है जो विश्वसनीय, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करने हेतु कार्य करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसकी स्थापना 1973 के तेल संकट के बाद (वर्ष 1974 में स्थापित) की गई थी जब ओपेक कार्टेल ने तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के साथ दुनिया को चौंका दिया था।
- इसका मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- IEA के फोकस के चार मुख्य क्षेत्र हैं यानी 4E:
  - ऊर्जा सुरक्षा
  - आर्थिक विकास
  - पर्यावरण जागरूकता
  - पूरे विश्व में भागेदारी
- भारत वर्ष 2017 में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का सहयोगी सदस्य बना। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - फरवरी, 2018 में मेक्सिको आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का 30वाँ सदस्य देश बना और लैटिन अमेरिका में इसका पहला सदस्य बना।

43.

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम ने इक्कीसवीं सदी की यूएस-यूके आर्थिक साझेदारी के लिये अटलांटिक घोषणा की सूचना दी है।
  - इस घोषणा का उद्देश्य वर्तमान युग की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिये दोनों देशों के मध्य लंबे समय से चले आ रहे गठबंधन को अनुकूलित, सुदृढ़ और पुनर्कल्पित करना है।
  - इस नई घोषणा के साथ दोनों राष्ट्र रक्षा, सुरक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्र में अपने सहयोग को सुदृढ़ करना चाहते हैं।
- अटलांटिक घोषणा कार्य योजना (Atlantic Declaration Action Plan- ADAPT) श्रमिकों, व्यवसायों, जलवायु और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्द्धात्मकता एवं लचीलापन बढ़ाने हेतु व्यापक रणनीति तैयार करता है।
  - इस योजना में पाँच प्रमुख स्तंभ शामिल हैं, साथ ही प्रगति एवं समय के साथ महत्त्वाकांक्षा बढ़ाने हेतु नियमित उच्च-स्तरीय बैठकें शामिल हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ASBA निवेशकों के लिये प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) में भाग लेने और शेयर बाज़ार में निवेश करने की एक सुविधा है।
  - यह निवेशकों को IPO जारीकर्त्ता या स्टॉक ब्रोकर को अग्रिम धन हस्तांतरित किये बिना शेयरों के लिये आवेदन करने में सक्षम बनाता है। इसके बजाय शेयर आवंटित किये जाने तक निवेशक के आवेदन का पैसा उनके बैंक खाते में अस्थायी रूप से अवरुद्ध कर दिया जाता है। अत: विकल्प A सही है।

45.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाइपरसोनिक मिसाइल एक हथियार प्रणाली है जो 5 मैक की गति या इससे अधिक की गति से उड़ान भरती है यानी ध्वनि की गति से पाँच गुना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हाइपरसोनिक मिसाइल की गतिशीलता इसे एक बैलिस्टिक मिसाइल से अलग करती है क्योंकि यह बाद में बैलिस्टिक प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करती है। अत: कथन 2 सही है।
- इस प्रकार बैलिस्टिक मिसाइलों के विपरीत हाइपरसोनिक मिसाइलें बैलिस्टिक प्रक्षेपवक्र (Ballistic Trajectory) का पालन नहीं करती हैं तथा उन्हें इच्छित लक्ष्य तक ले जाया जा सकता है।
- दो प्रकार की हाइपरसोनिक हथियार प्रणालियों में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल (Hypersonic Glide Vehicles- HGV) और हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल (Hypersonic Cruise Missiles) शामिल हैं।
  - ये मिसाइलें लक्ष्य की ओर लॉन्च होने से पूर्व एक पारंपरिक रॉकेट के माध्यम से पहले वायुमंडल में जाती हैं, जबकि हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल अपने लक्ष्य तक पहुँचने से पहले वायु की मदद से उच्च गति इंजन या 'स्क्रैमजेट' द्वारा संचालित होती है।
- ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है जो 2.8 मैक की गति से उड़ान भरती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

46.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच उद्योग और उद्योग संघों की पहली गोलमेज संयुक्त बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- न्यूज़ीलैंड:
  - आधिकारिक नाम: न्यूज़ीलैंड/आओटियरोआ (माओरी)
  - सरकार का रूप: संसदीय लोकतंत्र
  - राजधानी: वेलिंगटन
  - आधिकारिक भाषाएँ: अंग्रेज़ी, माओरी
  - मुद्रा: न्यूज़ीलैंड डॉलर
  - प्रमुख पर्वत शृंखलाएँ: दक्षिणी आल्प्स, कैकौरा पर्वतमालाएँ
  - सर्वोच्च पर्वत शिखर: माउंट कुक (3,754 मीटर) - माओरी लोगों द्वारा "क्लाउड पियर्सर" कहा जाता है।
  - प्रमुख नदियाँ: वाइकाटो, क्लुरथा, रंगितिकी, वांगानुई, मनवातु, बुलर, राकिया, वेटाकी और वायाउ
  - 2 मुख्य द्वीप: उत्तर और दक्षिण द्वीप - कुक स्ट्रेट द्वारा अलग किये गए। **अत: विकल्प B सही है।**

47.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 2019 में शुरू किया गया यह मिशन वर्ष 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल की आपूर्ति की परिकल्पना करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - जल जीवन मिशन पेयजल हेतु एक जनांदोलन की सहायता से प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहता है।
  - यह जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
- जल जीवन मिशन स्थानीय स्तर पर जल की एकीकृत मांग और आपूर्ति पक्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करता है।
- जल समितियाँ ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों की योजना, कार्यान्वयन, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव का कार्य करती हैं।
  - इनमें 10-15 सदस्य होते हैं, जिनमें कम-से-कम 50% महिला सदस्य एवं स्वयं सहायता समूहों के अन्य सदस्य, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (आशा), आँगनवाड़ी, शिक्षक आदि शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- केंद्र और राज्यों के बीच वित्तपोषण स्वरूप हिमालयन तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये 90:10, अन्य राज्यों के लिये 50:50 है, जबकि केंद्रशासित प्रदेशों के मामलों में शत-प्रतिशत योगदान केंद्र द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

मधुमेह (डायबिटीज़):

- परिचय:
  - डायबिटीज़ एक गैर-संचारी रोग है जो किसी व्यक्ति में तब पाया जाता है जब मानव अग्न्याशय (Pancreas) पर्याप्त इंसुलिन (एक हार्मोन जो रक्त शर्करा या ग्लूकोज़ को नियंत्रित करता है) का उत्पादन नहीं करता है या जब शरीर प्रभावी रूप से उत्पादित इंसुलिन का उपयोग करने में असफल रहता है।
- डायबिटीज़ के प्रकार:
  - टाइप-1:
    - इसे 'किशोर-मधुमेह' के रूप में भी जाना जाता है (क्योंकि यह ज़्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है), टाइप-1 मधुमेह तब होता है जब अग्न्याशय (Pancreas) पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इंसुलिन एक हार्मोन है जिसका उपयोग शरीर ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु शर्करा (ग्लूकोज़) को कोशिकाओं में प्रवेश करने के लिये करता है।.
    - यह मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों में पाया जाता है। हालाँकि इसका प्रसार कम है और टाइप-2 की तुलना में बहुत अधिक गंभीर है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - टाइप-2:
    - यह शरीर के इंसुलिन का उपयोग करने के तरीके को प्रभावित करता है, जबकि शरीर अभी भी इंसुलिन निर्माण कर रहा होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - टाइप-2 डायबिटीज़ या मधुमेह किसी भी उम्र में हो सकता है, यहाँ तक कि बचपन में भी। हालाँकि मधुमेह का यह प्रकार ज़्यादातर मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में पाया जाता है। .
  - गर्भावस्था के दौरान मधुमेह:
    - यह गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में तब होता है जब कभी-कभी गर्भावस्था के कारण शरीर अग्न्याशय में बनने वाले इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाता है। गर्भकालीन मधुमेह सभी महिलाओं में नहीं पाया जाता है और आमतौर पर बच्चे के जन्म के बाद यह समस्या दूर हो जाती है।

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

पीएम स्वनिधि:

- परिचय:
  - प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।

- वित्तपोषण:
  - यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है अर्थात यह आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित योजना है, इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
    - कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना
    - नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना तथा
    - डिजिटल लेनदेन हेतु पुरस्कृत करना, अत: कथन 2 सही है।
- महत्त्व:
  - यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स के लिये आर्थिक विकास के नए अवसर प्रदान करेगी।
- पात्रता:
  - राज्य और केंद्र शासित प्रदेश:
    - यह योजना केवल उन्हीं राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत नियम और योजना अधिसूचित की है।
- हालाँकि मेघालय के लाभार्थी जिसका अपना स्टेट स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट है, भाग ले सकता है।
  - स्ट्रीट वेंडर्स:
    - यह योजना शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स (पथ में वस्तु और सेवा के विक्रेताओं) के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इससे पहले यह योजना 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध थी।

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लक्ष्य और उद्देश्य:
  - 'मिशन कर्मयोगी' एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भर्ती के बाद केंद्र के मानव संसाधन विकास में सुधार करना है। राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के रूप में पूर्व-भर्ती परिवर्तनों के समान। अत: कथन 1 सही है।
  - नियमों से भूमिकाओं में बदलाव: कार्यक्रम "नियम-आधारित से भूमिका-आधारित" मानव संसाधन प्रबंधन (HRM) में परिवर्तन का समर्थन करेगा ताकि पद की आवश्यकताओं के लिये एक अधिकारी की दक्षताओं के आधार पर कार्य आवंटन किया जा सके। अत: कथन 2 सही है।
  - डोमेन नॉलेज ट्रेनिंग के अलावा योजना "कार्यात्मक और व्यावहारिक दक्षताओं" पर भी ध्यान केंद्रित करेगी और इसमें प्रदर्शन मूल्यांकन के लिये एक निगरानी ढाँचा भी शामिल है।
  - एकीकृत पहल: आखिरकार परिवीक्षा अवधि के बाद पुष्टि, तैनाती, कार्य असाइनमेंट और रिक्तियों की अधिसूचना जैसे सेवा मामलों को प्रस्तावित ढाँचे में एकीकृत किया जाएगा।
    - शासन संरचना:
  - मानव संसाधन परिषद: NPCSCB प्रधानमंत्री की मानव संसाधन परिषद द्वारा शासित होगी, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। अत: कथन 3 सही है।
  - यह परिषद सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का अनुमोदन और समीक्षा करेगी।

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अनुच्छेद 161 के अनुसार, राज्यपाल के पास क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्ति है।
  - सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय दिया गया था कि किसी बंदी को क्षमा करने की राज्यपाल की संप्रभु शक्ति वास्तव में स्वयं उपयोग किये जाने के बजाय राज्य सरकार के साथ आम सहमति से प्रयोग की जाती है।
  - सरकार की सलाह राज्य प्रमुख (राज्यपाल) पर बाध्यकारी है। अत: कथन 1 सही है।
- अनुच्छेद 163 के अनुसार, कुछ विवेकाधीन शक्तियों के अतिरिक्त राज्यपाल को उसके अन्य सभी कार्यों में सहायता करने और सलाह देने के लिये मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद का गठन किये जाने का प्रावधान है। विवेकाधीन शक्तियों में शामिल हैं:
  - राज्य विधानसभा में किसी भी दल का स्पष्ट बहुमत न होने पर मुख्यमंत्री की नियुक्ति।
  - अविश्वास प्रस्ताव के दौरान।
  - राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के मामले में (अनुच्छेद 356)। अत: कथन 2 सही नहीं है।

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह एक कृत्रिम रूप से उत्पादित वैकल्पिक ईंधन है जिसे विभिन्न उद्देश्यों के लिये विशेष रूप से अभिकल्पित किये गए कंप्रेस्ड इग्निशन डीज़ल इंजनों में सीधे इस्तेमाल किया जा सकता है।
- यह कच्चे तेल का एक अक्षय विकल्प है।
- जापान, अमेरिका, चीन, स्वीडन, डेनमार्क और कोरिया सहित कई देश पहले से ही अपने वाहनों हेतु इसका का उपयोग कर रहे हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - विशेषता:
  - सामान्य वायुमंडलीय परिस्थितियों में DME एक रंगहीन गैस है।
  - DME तुलनीय कैलोरी मान और पारंपरिक ईंधन के लिये इसकी तापीय दक्षता की समानता प्रदर्शित करता है यह कम उत्सर्जन और कम पार्टिकुलेट मैटर वाला एक स्वच्छ प्रज्वलनशील ईंधन है। अत: कथन 1 सही है।
- उपयोग:
  - यह व्यापक रूप से रासायनिक उद्योग में और विलयक, ईंधन और प्रशीतक के रूप में उपयोग किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - ओज़ोन को नष्ट करने वाले क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) को बदलने के लिये इसे पहले से ही ओज़ोन-अनुकूल एयरोसोल प्रणोदक के रूप में इस्तेमाल किया जा चुका है।
  - यह कम ओलेफिन, डाइमिथाइल सल्फेट और मिथाइल एसीटेट जैसे मूल्यवान रसायनों के उत्पादन के लिये एक आवश्यक मध्यवर्ती तत्त्व है।

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY):

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी ज़िलों में लागू किया जा रहा मातृत्व लाभ कार्यक्रम है।
- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही है।
- डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम: गर्भवती महिलाओं को सीधे उनके बैंक खाते में नकद लाभ प्रदान किया जाता है ताकि पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा सके और मज़दूरी के नुकसान की आंशिक भरपाई की जा सके।

- लक्षित लाभार्थी:
  - सभी गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ (PW&LM), उन लोगों को छोड़कर जो केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक उपक्रमों के साथ नियमित रोज़गार में हैं या जो किसी भी कानून के तहत समान लाभ प्राप्त कर रहे हैं।
  - सभी पात्र गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ जो परिवार में पहले बच्चे के लिये 1 जनवरी, 2017 को या उसके बाद गर्भवती हैं। अत: कथन 3 सही है।
- योजना के तहत लाभ:
  - लाभार्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर 5,000 रुपए का नकद लाभ तीन किश्तों में मिलता है।
- अत: कथन 2 सही है।
    - गर्भावस्था का प्रारंभिक पंजीकरण
    - प्रसव पूर्व जाँच
    - बच्चे के जन्म का पंजीकरण और परिवार के पहले जीवित बच्चे के लिये टीकाकरण का पहला चक्र पूरा करना।
  - पात्र लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना (JSY) के तहत नकद प्रोत्साहन भी मिलता है। इस प्रकार एक महिला को औसतन 6,000 रुपए मिलते है।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय प्रौद्योगिकी केंद्र (IIT) मद्रास के शोधकर्त्ताओं ने मौजूदा जल इलेक्ट्रोलाइज़र प्रौद्योगिकी से संबंधित चुनौतियों का समाधान करते हुए हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिये क्षारीय समुद्री जल इलेक्ट्रोलाइज़र विकसित किया है। अत: कथन 1 सही है।
- हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिये क्षारीय समुद्री जल इलेक्ट्रोलाइज़र का उपयोग किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- क्षारीय जल इलेक्ट्रोलाइज़र (Alkaline Water Electrolyzer) एक ऊर्जा-गहन तकनीक है, इसके लिये एक महँगे ऑक्साइड-बहुलक विभाजक की आवश्यकता होती है और इसमें इलेक्ट्रोलिसिस हेतु ताज़े जल का उपयोग किया जाता है। सरल, स्केलेबल एवं लागत प्रभावी विकल्पों को विकसित करके इस आविष्कार ने संबद्ध प्रत्येक चुनौती का समाधान कर दिया है तथा यह हाइड्रोजन उत्पन्न करने में अत्यधिक कुशल है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

55.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है, इसके माध्यम से सालाना औसतन आठ अरब लोग यात्रा करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI): यह सिग्नल, पॉइंट और लेवल-क्रॉसिंग गेट को नियंत्रित करने के लिये कंप्यूटर-आधारित प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - पारंपरिक रिले इंटरलॉकिंग प्रणाली के विपरीत EI इंटरलॉकिंग लॉजिक को प्रबंधित करने के लिये सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उपयोग करता है।
  - EI ट्रेन की निर्बाध आवाजाही को सुगम बनाने के लिये सभी घटकों का तालमेल सुनिश्चित करता है।
- वर्ष 2022 तक भारत में 2,888 रेलवे स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस थे, जिसमें भारतीय रेलवे नेटवर्क का 45.5% शामिल था। अत: कथन 3 सही नहीं है।

56.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संवैधानिक निकाय: अनुच्छेद 148 नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General- CAG) के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है। यह भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्था है।
  - वह जनता के धन का संरक्षक और केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है। अत: कथन A सही है।
- नियुक्ति:
  - भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर और मुहर के तहत एक वारंट द्वारा उसकी नियुक्ति की जाती है।
- कार्यकाल:
  - छह वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो। अत: कथन B सही नहीं है।
- पदस्थ किये जाने की प्रक्रिया:
  - राष्ट्रपति CAG को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाए जाने की समान प्रक्रिया द्वारा हटा सकता है। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण नहीं करता है।
- अन्य संबंधित बिंदु:
  - अपना पद छोड़ने के बाद वह किसी अन्य कार्यालय के लिये पात्र नहीं होगा, चाहे वह भारत सरकार में हो या किसी राज्य में। अत: कथन C सही नहीं है।
  - वेतन और अन्य सेवा शर्तें संसद द्वारा निर्धारित की जाती हैं।
  - कोई भी मंत्री संसद में CAG का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है। **अत: विकल्प A सही है।**

57.

उत्तर: A

व्याख्या:

- कोरोनल मास इजेक्शन (CME) सौर वातावरण से अंतरिक्ष में आवेशित कणों (प्लाज़्मा) और चुंबकीय क्षेत्रों के बड़े पैमाने पर विस्फोट हैं। वे पृथ्वी पर भू-केंद्र और अंतरिक्ष आधारित प्रौद्योगिकियों एवं उपग्रहों की एक शृंखला को बाधित कर सकते हैं।
  - CME सूर्य से बाहर की ओर 250 कि.मी. प्रति सेकंड की गति से लेकर लगभग 3000 कि.मी./सेकंड की गति से यात्रा करते हैं।
  - सबसे तेज़ पृथ्वी-निर्देशित CME हमारे ग्रह पर 15-18 घंटों में पहुँच सकते हैं। धीमे CMEs को यहाँ तक आने में कई दिन लग सकते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - सूर्य की किरणें प्रकाश की गति से चलती हैं और लगभग 8 मिनट में पृथ्वी पर पहुँचती हैं।
- CME आकार में विस्तृत होते जाते हैं क्योंकि वे सूर्य से दूर अथवा आगे की ओर फैलते हैं। बड़े CME हमारे ग्रह तक पहुँचने से पूर्व पृथ्वी और सूर्य के बीच अंतरिक्ष के लगभग एक-चौथाई आकार तक पहुँच सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत के पहले सौर मिशन- आदित्य-L1 पर विज़िबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (VELC) आंतरिक कोरोना में CME की स्पेक्ट्रोस्कोपी और इमेजिंग दोनों का प्रदर्शन करेगा तथा आंतरिक कोरोना में CME थर्मोडायनामिक गुणों के विकास में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। अत: कथन 3 सही है।

58.

उत्तर: (D)

व्याख्या:

- वर्षा प्रतिरूप में बदलाव: जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा प्रतिरूप में बदलाव आया है, जिसमें वर्षा के समय, तीव्रता एवं वितरण में बदलाव शामिल है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसके परिणामस्वरूप सूखा, बाढ़ और अनियमित वर्षा हो सकती है, जिससे कृषि उत्पादकता प्रभावित हो सकती है।
  - उदाहरण के लिये वर्ष 2019 में भारत में मानसूनी वर्षा में देरी और कमी का अनुभव हुआ, जिससे कई क्षेत्रों में फसल की पैदावार कम हुई।
- बढ़ा हुआ तापमान: बढ़ते तापमान का फसल की वृद्धि और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - विभिन्न मौसम के दौरान उच्च तापमान फसल की को पैदावार और फसलों के पोषण मूल्य को कम कर सकता है। हीट स्ट्रेस पशुधन के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता को भी प्रभावित कर सकता है।
  - हाल के वर्षों में भारत में हीट वेब ने फसल की पैदावार विशेषकर गेहूँ और चावल जैसी गर्मी के प्रति संवेदनशील फसलों को प्रभावित किया है।
- बदलते कीट और रोग प्रतिरूप: जलवायु परिवर्तन कीट और रोगों के वितरण एवं बहुतायत को प्रभावित करता है, जिससे कृषि कीट प्रबंधन को चुनौती का सामना करना पड़ता है। अत: कथन 3 सही है।
  - तापमान और वर्षा प्रतिरूप में परिवर्तन कुछ कीटों और बीमारियों के प्रसार में सहायक हो सकते हैं, जो फसल के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।
  - उदाहरण के लिये पिंक बॉलवर्म जैसे कीटों की बढ़ती घटनाओं ने भारत में कपास के उत्पादन को प्रभावित किया है एवं अनियमित वर्षा के कारण सोमालिया क्षेत्र से लोकस्ट स्वार्म को प्रभावित किया है।
- फसल प्रतिरूप में परिवर्तन: जलवायु परिवर्तन कुछ क्षेत्रों में विभिन्न फसलों की उपयुक्तता को प्रभावित कर सकता है। जैसे-जैसे तापमान एवं वर्षा प्रतिरूप बदलते हैं, उत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु किसानों को अपने फसल प्रतिरूप को अपनाने की आवश्यकता हो सकती है। अत: कथन 4 सही है।
  - कुछ फसलें कम व्यवहार्य हो सकती हैं, जबकि अन्य अधिक उपयुक्त हो सकती हैं। हालाँकि अखिल भारतीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन से नारियल उत्पादन बढ़ने का अनुमान है।

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

अकाउंट एग्रीगेटर प्रणाली:

- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (AA) का आशय एक ऐसे फ्रेमवर्क से है, जो विनियमित संस्थाओं (बैंकों और NBFCs) के बीच वास्तविक समय और 'डेटा-ब्लाइंड' (इसके माध्यम से प्रवाहित डेटा पूर्णत: एन्क्रिप्टेड होता है) के माध्यम से वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।
- 'भारतीय रिज़र्व बैंक' ने वर्ष 2016 में 'अकाउंट एग्रीगेटर' को 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों' (NBFCs) के एक नए वर्ग के रूप में मंज़ूरी दी थी, जिसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी उपयोगकर्त्ता के वित्तीय डेटा को उसकी स्पष्ट सहमति से स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।
- यह वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIPs) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्त्ताओं (FIUs) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (AA) की संरचना 'डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर' (DEPA) फ्रेमवर्क पर आधारित है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

- DEPA एक ऐसा आर्किटेक्चर है, जो उपयोगकर्त्ताओं को सुरक्षित रूप से अपने डेटा तक पहुँच प्रदान करता है और इसे तीसरे पक्ष के साथ साझा करने की सुविधा देता है।

60.

उत्तर: B

व्याख्या:

चिटे लुई नदी:

- मिज़ोरम में चिटे लुई नदी पहाड़ी पूर्वोत्तर राज्य के लोगों के लिये महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्त्व रखती है।
  - चिटे लुई नदी लगभग 1,000 मीटर की ऊँचाई पर एक जलोढ़ घाटी में स्थित है। यह नदी उत्तर आइज़ोल में बावंगकॉन रेंज से निकलती है और तुइरियल नदी में मिलने से पहले लगभग 20 किमी. तक बहती है।
- अत: विकल्प B सही है।

61.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने इयरबुक 2023 में खुलासा किया कि इस दशक के अंत तक चीन द्वारा अमेरिका और रूस की भाँति कई इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) तैयार किये जाने की संभावना है।
  - रूस के पास सबसे अधिक संख्या में परमाणु शस्त्रागार हैं, उसके बाद क्रमश: अमेरिका और चीन का स्थान है, जबकि अमेरिका ने रूस एवं फ्राँस के बाद सबसे अधिक संख्या में परमाणु शस्त्रागार तैनात किये हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास अपने संबंधित परमाणु शस्त्रागार के अपेक्षाकृत स्थिर आकार के साथ सभी परमाणु हथियारों का लगभग 90% हिस्सा है।
- भारत के परमाणु शस्त्रागार का भी विस्तार हुआ, जो वर्ष 2022 के 160 वॉरहेड से बढ़कर वर्ष 2023 में 164 वॉरहेड हो गया और इसी अवधि में पाकिस्तान का वॉरहेड 165 से 170 हो गया। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत के परमाणु निवारक लंबी दूरी के हथियारों पर बल दे रहे हैं जो मुख्य रूप से पाकिस्तान पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे चीन में लक्ष्य तक पहुँचने में सक्षम हैं।

62.

उत्तर: C

व्याख्या:

हिरोशिमा AI प्रोसेस:

- परिचय:
  - हिरोशिमा AI प्रोसेस (HAP), जिसके दिसंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है, को हाल ही में जापान के हिरोशिमा में वार्षिक G-7 शिखर सम्मेलन के दौरान लॉन्च किया गया था। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के नियमन की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम है। अत: कथन 1 सही है।
  -
  - HAP का उद्देश्य भरोसेमंद AI के एक सामान्य दृष्टिकोण और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये समावेशी AI शासन और अंतर-संचालनीयता पर अंतर्राष्ट्रीय चर्चाओं को सुविधाजनक बनाना है।
  - यह देशों और क्षेत्रों में जनरेटिव AI की बढ़ती प्रमुखता की पहचान करता है तथा इससे जुड़े अवसरों एवं चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पर बल देता है।
- कार्यप्रणाली:
  - HAP आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) तथा AI पर वैश्विक भागीदारी (GPAI) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- उद्देश्य:
  - HAP का उद्देश्य AI को इस प्रकार शासित करना है जो लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखे, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करे, पारदर्शिता को बढ़ावा दे तथा AI प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे।
  - इसका उद्देश्य AI से संबंधित चर्चाओं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समावेशिता तथा निष्पक्षता को प्रोत्साहित करने वाली प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना है।

63.

उत्तर: C

व्याख्या:

विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ):

- SEZ देश के अंदर एक क्षेत्र है जो आमतौर पर शुल्क मुक्त (राजकोषीय रियायत) है तथा मुख्य रूप से निवेश को प्रोत्साहित करने और रोज़गार उत्पन्न करने के लिये अलग-अलग व्यापार एवं वाणिज्यिक कानून हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इन क्षेत्रों को बेहतर ढंग से प्रशासित करने के लिये SEZ भी बनाए गए हैं, ताकि व्यापार करने में आसानी हो।
  - भारत में SEZ:
  - एशिया का पहला EPZ (निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र) वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - सरकार ने वर्ष 2000 में विदेश व्यापार नीति के तहत SEZ की स्थापना शुरू की थी ताकि EPZ की सफलता को सीमित करने वाली अवसंरचनात्मक और नौकरशाही चुनौतियों का निवारण किया जा सके जबकि EPZ की संरचना SEZ के समान थी।
  - विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया था। यह अधिनियम वर्ष 2006 में SEZ नियमों के साथ लागू हुआ।
    - हालाँकि, वर्ष 2000 से वर्ष 2006 तक (विदेश व्यापार नीति के तहत) भारत में SEZ चालू थे।
  - भारत की मौजूदा SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बाबा कल्याणी के नेतृत्व वाली समिति का गठन किया गया था और नवंबर 2018 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं। अत: कथन 3 सही है।
    - इसे WTO (विश्व व्यापार संगठन) के अनुकूल बनाने की दिशा में SEZ नीति का मूल्यांकन करने, क्षमता उपयोग तथा SEZ के संभावित उत्पादन को अधिकतम करने हेतु वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिये एक व्यापक उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया था।

64.

उत्तर: A

व्याख्या:

वन स्टॉप सेंट (OSCs):

- यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समस्या के समाधान के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसे अप्रैल 2015 में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना (Indira Gandhi Matritva Sahyog Yojana) सहित राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन के लिये अंब्रेला योजना की एक उप-योजना है। अत: कथन 2 सही है।
- एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिये देश भर में वन स्टॉप सेंटर और विश्व भर में प्रत्येक मिशन के लिये कम-से-कम एक OSC स्थापित किया जाएगा।
  - भारतीय मिशन विश्व भर में भारतीयों और भारत सरकार के बीच संपर्क हेतु महत्त्वपूर्ण प्रतिनिधित्व प्रदान करता है।
    - उद्देश्य:
  - परिवार के भीतर या कार्यस्थल पर या समुदाय के भीतर, निजी या सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली हिंसा से प्रभावित महिलाओं की सहायता करना।
    - विशेष रूप से वे महिलाएँ जो जाति, पंथ, नस्ल, वर्ग, शिक्षा की स्थिति, उम्र, संस्कृति या वैवाहिक स्थिति के बावजूद यौन, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और आर्थिक शोषण का सामना करती हैं।
    - अनुदान
  - यह निर्भया फंड के माध्यम से वित्तपोषित है और केंद्र सरकार राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अत: कथन 3 सही है।

65.

उत्तर: C

व्याख्या:

अपस्फीति:

- परिचय:
  - अपस्फीति मुद्रास्फीति की दर में कमी को संदर्भित करती है, जिसका अर्थ है कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं लेकिन पहले की तुलना में धीमी गति से।
    - यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि अवस्फीति, अवस्फीति से अलग है, जो समग्र मूल्य स्तर में निरंतर कमी को संदर्भित करती है।
    - अवस्फीति की एक स्वस्थ दर आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को अत्यधिक प्रभावित होने से रोकती है। अत: कथन 1 सही है।

मुद्रास्फीति और अपस्फीति:

- मुद्रास्फीति दैनिक या सामान्य उपयोग की अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि को संदर्भित करती है, जैसे कि भोजन, कपड़े, आवास, मनोरंजन, परिवहन, उपभोक्ता वस्तुएँ आदि।
  - मुद्रास्फीति समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं के औसत मूल्य परिवर्तन को मापती है।
  - वस्तुओं की इस बास्केट के मूल्य सूचकांक में विपरीत और दुर्लभ गिरावट को 'अपस्फीति' कहा जाता है।
- मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की एक इकाई की क्रय शक्ति में कमी का संकेत है। इसे प्रतिशत में मापा जाता है। अत: कथन 2 सही है।

- मूल्यांकन:
  - भारत में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से दो मुख्य सूचकांकों- थोक मूल्य सूचकांक (Wholesale Price Index- WPI) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) द्वारा मापा जाता है, जो क्रमश: थोक और खुदरा स्तर के मूल्य परिवर्तनों को मापते हैं। अत: कथन 3 सही है।

.